Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 06-12-2005
Participants : Khanduri AVSM,Maj.G Bhuwan Chandra

>

Title : Need to open a new route for Mansarovar pilgrimage via Joshimath-Malar in Chamoli district, Uttaranchal.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, भारतर्वा से बहुत बड़ी संख्या में हर साल लोग कैलाश मानसरोवर जाते हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा सुगम बनाने के लिए उत्तरांचल के जनपद चमोली में जोशीमठ-मलारी कैलाश मानसरोवर जाने का रास्ता भी खोला जाना चाहिए। यह मार्ग पारस्परिक व्यापार मार्ग हुआ करता था और इस मार्ग पर तिब्बत के साथ काफी व्यापार होता था। समय समय पर कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने के लिए इस मार्ग की मांग होती रहती है। यह यात्रा मार्ग सरल और नजदीक होना भी बताया जाता है।

सरकार से यह अपेक्षा है कि इस संबंध में जन भावनाओं का ध्यान रखते हुए जोशीमठ मलारी होते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा की स्वीकृति दी जाये। यदि इस मार्ग को जाने और आने के लिए नहीं बनाया जाता है तो कम से कम एक ओर से इस मार्ग को यात्रा मार्ग बनाया जाये।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इस पर प्राथमिकता से विचार किया जाये।